## एक नजर में

### बाइक पर पेट्रोल डाल कर लगाई आग

**भोपाल.** अशोका गार्डन थाना इलाके में एक नकाबपोश ने एक बाइक पर पेट्रोल डाल कर उसे आग के हवाले कर दिया. सुभाष नगर में हुई इस वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है. पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है. सुभाष कॉलोनी में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात को अज्ञात आरपी ने वारदात को अंजाम दिया. नकाबपोश बदमाश ने पेट्रोल डालकर एक ही जगह पर खड़ी कई गाडियों को आग लगाने की कोशिश की. लगी बाइक में आग लगने के बाद उसमें लगी बैटरी जब ब्लास्ट हुई तो रहवासियों दौड़ कर मौके पर पहुंचे.

### रेलवे फाटक दिन भर रहा बंद, वाहन चालक परेशान

**भिंड.** भिंड-अटेर मार्ग से आने-जाने वाले लोग शनिवार को सुबह से ही बेहद परेशान रहे. रेलवे के झांसी मंडल द्वारा रेलवे फाटक नंबर 50 को बंद कर दिया गया है. इस दौरान सीधे रास्ते से आवागमन नहीं हुआ और लोगों को वैकल्पिक मार्ग अपनाना पड़ा. ग्वालियर-भिंड रेल लाइन पर स्थित रेलवे फाटक नंबर 50 पर ऊपर से स्टील गर्डर लगाने का काम किया जा रहा है. इसी वजह से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक के लिए यह रेलवे फाटक पूरी तरह बंद रहा. रेल प्रशासन का कहना है कि यह कार्य लोगों की सुरक्षा और रेल संचालन को और सुरक्षित बनाने के लिए किया गया.

# सीएम ने उद्यमियों को निवेश के लिए किया प्रेरित

## भारत समिट 2025 में युवाओं की ऊर्जा और नवाचार पर जोर

**इंदौर, 20 दिसंबर. शहर में आयोजित वृहद भारत समिट 2025 में नव उद्यमिता, उद्योगों में निवेश, जल-संपन्नता और ग्रीन एनर्जी पर केंद्रित नए विज़न के साथ बड़ा संदेश दिया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंच से नव उद्यमियों का आह्वान किया कि वे नवाचार, नैतिक नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ें तथा प्रदेश में उद्योग और स्टार्टअप निवेश के नए अध्याय लिखें. मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों में निवेश केवल आर्थिक मजबूती नहीं लाता, बल्कि हजारों परिवारों की रोज़ी-रोटी और जीवनस्तर सुधारने में निर्णायक भूमिका निभाता है. उन्होंने भरोसा दिलाया कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक वातावरण अनुकूल है और निवेशकों को हर स्तर पर सरकार का सहयोग मिल रहा है. युवा शक्ति के नेतृत्व में प्रदेश आत्मनिर्भरता को नई गति देगा और उद्यमिता के माध्यम से भारत व मध्यप्रदेश नई ऊंचाइयों को छुएंगे. यंग एंटरप्रेन्योर्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस समिट में केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विशेष अतिथि रहे. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, पूर्व महापौर मालिनी गौड़, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे. देशभर से आए वक्ताओं ने अपने अनुभव साझा किए.



### छह लाख करोड़ की परियोजनाएं धरातल पर उतरीं

ग्रीन एनर्जी पर मुख्यमंत्री ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित ग्रीनको प्रोजेक्ट दो वर्ष से कम समय में क्रियान्वयन की स्थिति में पहुंच गया है, जो समयबद्ध निर्णयों और भरोसे का परिणाम है. निवेश बढ़ोतरी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भोपाल ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में 32 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए, जिनमें से 6 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं जमीन पर उतर चुकी हैं. इसी माह 25 दिसंबर को 2 लाख करोड़ रुपये के निवेश का भूमिपूजन और लोकार्पण एक साथ होगा. केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने युवाओं की नेतृत्व क्षमता और नवाचार को देश की प्रगति की असली शक्ति बताते हुए साहस, धैर्य और जोखिम लेने का संदेश दिया.

> डॉ यादव ने कहा कि यह मंच नेतृत्व, आध्यात्मिकता, उद्यमिता व भविष्य-दृष्टि का प्रभावी संगम बना. उद्योग नीति के संबंध में उन्होंने बताया कि पहली बार उद्योग विभाग को शीर्ष स्तर पर रखकर निर्णय प्रक्रिया को तेज किया गया है, जिससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं. जल संसाधन क्षेत्र में नदी जोड़ो अभियान और पीकेसी योजना से जल-संपन्नता के नए आयाम स्थापित हुए हैं. राजस्थान और उत्तरप्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों के साथ जल-साझेदारी सहयोग और सौहार्द का उदाहरण है.

# नेत्रहीन छात्रों के धर्मांतरण का आरोप

### हंगामा और हाथापाई : पुलिस ने दर्ज किए बयान

**जबलपुर, 20 दिसंबर. गोरखपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कटंगा रोड स्थित हवाबाग कॉलेज के पीछे एक चर्च में नेत्रहीन छात्रों के कथित धर्मांतरण के आरोप को लेकर शनिवार को उस समय हंगामा मच गया, जब हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए.**

आरोपों को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के बीच हाथापाई तक की स्थिति बन गई. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और समझाइश देकर स्थिति को नियंत्रित किया. इसके बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई है. हिंदू संगठनों का आरोप है कि जॉनसन स्कूल कैंपस के पीछे स्थित चर्च में क्रिसमस कार्यक्रम की आड़ में छात्रावासों से नेत्रहीन और दिव्यांग छात्र-छात्राओं को बुलाया गया था. आरोप लगाया गया कि चर्च के अंदर उनसे प्रार्थना कराई जा रही थी और भोजन व अन्य सुविधाओं का लालच देकर धर्मांतरण का प्रयास किया गया. इसी को लेकर संगठन के कार्यकर्ताओं और चर्च में मौजूद लोगों के बीच कहासुनी हुई, जो बाद में हाथापाई में बदल गई. घटना की जानकारी मिलते ही गोरखपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांत कराया और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया.



# शहरी विकास के लिए बजट का उपयोग जरूरी

**भोपाल, 20 दिसंबर. केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा है कि शहरों के समग्र विकास के लिए केन्द्र सरकार से मिलने वाली बजट राशि का समयबद्ध और पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए.**

केंद्रीय मंत्री खट्टर ने कहा कि केंद्र सरकार की वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब केन्द्र और राज्य सरकारें बेहतर समन्वय के साथ कार्य करेंगी. केंद्रीय मंत्री शनिवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक (उत्तरी एवं मध्य राज्य) को संबोधित कर रहे थे.



बैठक में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान व उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री, राज्य मंत्री तथा केन्द्र व राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे. इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के लिए तैयार की गई कार्य दिशा पुस्तिका का विमोचन भी किया. केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की लगभग 50 प्रतिशत आबादी शहरी क्षेत्रों में निवास करेगी, इसलिए शहरी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है. उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार राज्यों के लिए सपोर्टिंग सिस्टम की भूमिका निभाती है, जबकि जमीनी स्तर पर ठोस प्रयास राज्यों को ही करने होंगे. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन और शहरी परिवहन पर विशेष चर्चा की गई.

> मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में नगरीय निकायों को आर्थिक और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है. नर्मदा नदी के संरक्षण हेतु सीवरेज कार्यों को प्राथमिकता दी गई है और जीआई मैपिंग से संपत्ति कर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. बैठक में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा, अमृत 3.0, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बायो-सीएनजी प्लांट, मेट्रो नेटवर्क और किफायती आवास योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई.



# मध्यप्रदेश में लुढ़का पारा 20 जिलों में घना कोहरा

**भोपाल, 20 दिसंबर. मध्यप्रदेश के उत्तरी और पूर्वी अंचलों में सर्दी का प्रकोप लगातार तेज होता जा रहा है. शनिवार सुबह ग्वालियर-चंबल, रीवा, सागर, जबलपुर और शहडोल संभाग के करीब 20 जिलों में घना से अति घना कोहरा छाया रहा.**

कई इलाकों में दृश्यता 50 मीटर से भी कम दर्ज की गई, जिससे रेल और हवाई सेवाएं प्रभावित हुईं. सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में न्यूनतम तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है. शिवपुरी में सबसे कम 4 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया. इंदौर में पारा 4.1 डिग्री तक पहुंच गया, जबकि भोपाल में 6.4 डिग्री, उज्जैन में 7.2 डिग्री, जबलपुर में 8.6 डिग्री और ग्वालियर में 11.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया. ठंडी हवाओं और कोहरे के चलते जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा, हालांकि इंदौर, कल्याणपुर (शहडोल) और सिवनी जिलों में शीतलहर का असर देखने को मिला. उमरिया और कल्याणपुर में शीतल दिन की स्थिति बनी रही.

> न्यूनतम तापमान रीवा संभाग में सामान्य से 4.1 डिग्री तक नीचे चला गया, वहीं शहडोल संभाग में यह 3.5 डिग्री तक कम रहा. भोपाल संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.4 डिग्री कम, जबकि इंदौर, उज्जैन और जबलपुर संभागों में 2.1 से 1.8 डिग्री कम दर्ज किया गया. साउथ-वेस्ट ईरान और आसपास के क्षेत्रों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब सेंट्रल ईरान तक पहुंच गया है. वहीं उत्तर भारत के ऊपर उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम लगभग 194 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बह रही है. इसके अलावा 25 दिसंबर से एक नया कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिससे ठंड और कोहरे का असर आगे भी बना रहने की संभावना है.

# वास्तविक विकास पर ध्यान दे सरकार



**भोपाल, 20 दिसंबर. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने शनिवार को भोपाल में नई मेट्रो परियोजना के उद्घाटन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से वास्तविक और ठोस विकास के प्रति गंभीरता दिखाने की अपील की.**

उन्होंने कहा कि केवल उद्घाटन समारोहों और प्रतीकात्मक गतिविधियों से विकास संभव नहीं है. पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से शहरी परिवहन व्यवस्था के विस्तार और आधारभूत ढांचे के विकास के पक्ष में रही है. उन्होंने बताया कि भोपाल और इंदौर जैसे बड़े शहरों के लिए मेट्रो परियोजनाओं की परिकल्पना कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में की गई थी और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में इन परियोजनाओं की औपचारिक शुरुआत हुई थी.

उन्होंने प्रतीकात्मक राजनीति की आलोचना करते हुए कहा कि नारियल फोड़ने, फोटो खिंचवाने और श्रेय लेने से शहरों का विकास नहीं होता.

उनके अनुसार, सार्थक शहरी विकास के लिए सुविचारित नीतियों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन की आवश्यकता है, न कि केवल सुर्खियां बटोरने वाले आयोजनों की.

# बैतूल में आज से आदि बाज़ार महोत्सव शुरू

**बैतूल, 20 दिसंबर.** भारत की समृद्ध जनजातीय कला, संस्कृति और परंपराओं को मंच प्रदान करने तथा जनजातीय समुदायों के लिए आजीविका के अवसरों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से बैतूल में 21 दिसंबर से छह दिवसीय आदि बाज़ार महोत्सव का शुभारंभ किया जा रहा है. यह आयोजन भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ द्वारा जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में किया जा रहा है. आदि बाज़ार महोत्सव के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे.

# निदेशकों पर 22 करोड़ की बैंक धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**इंदौर, 20 दिसंबर. कासमोस को-ऑपरेटिव बैंक से करोड़ों रुपये का ऋण लेकर शर्तों का उल्लंघन करते हुए स्टॉक खुर्दबुर्द करने और फंड डायवर्ट करने के मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भोपाल ने लाभांशी मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड और उसके निदेशकों के खिलाफ बैंक धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है. जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद यह कार्रवाई की गई है.**

ईओडब्ल्यू की अधिकृत जानकारी के अनुसार, इंदौर इकाई द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के आधार पर भोपाल मुख्यालय में मामला दर्ज किया गया. शिकायत में बताया गया कि लाभांशी मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड ने वर्ष 2019 में कासमोस को-ऑपरेटिव बैंक की साउथ तुकोगंज शाखा से मशीनरी और कैश क्रेडिट लिमिट के लिए आवेदन किया था. बैंक द्वारा कंपनी को टर्म लोन और सीसी लिमिट के तहत कुल 5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे. इसके बाद वर्ष 2020 में ऋण सीमा बढ़ाकर 11.50 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2022 में इसे और बढ़ाकर 21.50 करोड़ रुपये कर दिया गया.



## अनूठी प्रकृति | सर्दियों में कम भोजन करते हैं शीत-रक्तीय जीव

# शीत-रक्तीय जीवों पर सर्दी की मार



**आशीष कुर्ल**

**भोपाल, 20 दिसंबर. प्रदेश की राजधानी के बीचों-बीच स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है, जहां समृद्ध जैव विविधता और शहरी सुविधा का अनूठा संगम देखने को मिलता है.**

विशाल हरित क्षेत्र में फैला यह उद्यान पर्यटकों को लगभग प्राकृतिक वातावरण में वन्यजीवों को देखने का अवसर देता है. यहां क्षेत्र में पाई जाने वाली लगभग सभी प्रमुख प्रजातियों के जीव देखे जा सकते हैं, जिससे वर्ष भर प्रकृति प्रेमियों, विद्यार्थियों और पर्यटकों की आवाजाही बनी रहती है. हालांकि यात्रा के दौरान ठंड के मौसम में शीत-रक्तीय जीवों के बाड़ों की व्यवस्था को लेकर चिंताजनक स्थिति सामने आई. सर्दियों के आगमन के साथ ही सांप, कछुए और इगुआना जैसे जीव, जो अपने शरीर का तापमान बाहरी वातावरण पर निर्भर होकर नियंत्रित करते हैं, अपर्याप्त तापीय व्यवस्था वाले बाड़ों में रखे पाए गए. विशेषज्ञों का कहना है कि शीत-रक्तीय जीव सर्दियों में बहुत कम भोजन करते हैं, जब तक कि कैद में उन्हें पर्याप्त गर्मी, प्रकाश और आर्द्रता उपलब्ध न कराई जाए.

> संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. बीपी यादव ने चेतावनी दी कि इन सुविधाओं की कमी से जीवों में तनाव, रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी और दीर्घकालिक स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं. इस संबंध में संपर्क किए जाने पर फील्ड डायरेक्टर विजय कुमार ने समस्या को स्वीकार करते हुए बताया कि सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं. वन विहार प्रबंधन ने कहा कि पशु कल्याण उनकी प्राथमिकता है और प्रस्तावित उन्नयन से सर्दियों में शीत-रक्तीय जीवों के रहने की स्थितियों में उल्लेखनीय सुधार होगा.




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14